-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चारपहिया वाहन व मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से चोरी के चारपहिया वाहन टवेरा व मोटरसाइकिल बरामद ।**
- **अभियुक्त द्वारा दिनांक 04.01.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अमर टाकीज चौराहे से चारपहिया वाहन व महोबा से मोटरसाइकिल चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में आज दिनांक 11.01.2025 को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चारपहिया वाहन व मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 04.01.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले रहमत उल्ला पुत्र अमानत उल्ला द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी गई कि उनकी रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा उनकी चारपहिया गाड़ी टवेरा अमर टाकिज के पास से चोरी कर ली गई । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में आज दिनांक 11.01.2025 को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए केन नदी पुल के पास से चोरी के टवेरा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी की चारपहिया वाहन टवेरा किया गया । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया वह और उसके अन्य साथी फारुक उर्फ आफताब ने दिनांक 04.01.2025 को जनपद महोबा से मोटर साइकिल चोरी कर बांदा आये और बांदा में मौजूद तीसरे साथी शाहिद पुत्र तेज खान के साथ मिलकर अमर टाकीज चौराहे से पास खड़े टवेरा को चोरी कर मोटरसाइकिल वही पर छोड़कर टवेरा गाड़ी से चले गये थे । घटना में शामिल अन्य 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है ।

बरामदगी-

- 01 चारपहिया वाहन टवेरा (चोरी के)
- 01 मोटरसाइकिल स्प्लैण्डर (चोरी के)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सोनू उर्फ जफरान पुत्र फिरोज निवासी पन्नानाका सिविल लाइन जनपद छतरपुर (म0प्र0) ।

वांछित अभियुक्त-

1. फारुक उर्फ आफताब पुत्र लियाकत निवासी नया मोहल्ला शेखन का बगिया कोतवाली नगर छतरपुर (म0प्र0)
2. शाहिद पुत्र तेज खान निवासी नया मोहल्ला शेखन का बगिया कोतवाली नगर छतरपुर (म0प्र0)

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 15/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त सोनू उर्फ जफरान उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 617/20 धारा 34(2) म0प्र0 आबकारी अधि0 थाना सिविल लाइन छतरपुर (म0प्र0)।
2. मु0अ0सं0 122/20 धारा 457/380/411 भादवि थाना ईशानगर छतरपुर (म0प्र0)।
3. मु0अ0सं0 253/23 धारा 379 भादवि थाना बमीठा छतरपुर (म0प्र0)।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री पंकज कुमार सिंह
2. श्री अनिल कुमार साहू प्रभारी एसओजी/सर्विलांस
3. व0उ0नि0 श्री परवेज अहमद
4. हे0कां0 संदीप कुमार
5. कां0 प्रतीक सिंह
6. कां0 रावेन्द्र श्रीवास्तव
7. कां0 निहाल रजा
8. कां0 अमित कुशवाहा
9. कां0 अमित त्रिपाठी